देश की अग्रणी फाइनेंशियल एडवाइजर कंपनी विभव कैपिटल को मिला सम्मान

# आगरा के विभव कैपिटल को कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवॉर्ड

**कंपनी के डायरेक्टर शलभ गुप्ता विभव को मुंबई में सौंपा गया अवार्ड**

agra@inext.co.in

**AGRA (18 Oct.) :** म्यूचुअल फंड बिजनेस में से जुड़े लोगों के लिए हर वर्ष आयोजित होने वाले कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवार्ड इस बार आगरा के अग्रणी कंपनी विभव कैपिटल को मिला है. मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह प्रसिद्ध अवॉर्ड से कंपनी के निदेशक शलभ गुप्ता विभव एवं उनकी पत्नी ईशा गुप्ता को सम्मानित किया गया है.

## देशभर से आए थे उद्यमी

अवार्ड सेरेमनी में म्युचुअल फंड बिजनेस का प्रमुख अवार्ड हासिल करने के बाद विभव कैपिटल के निदेशक शलभ गुप्ता ने दैनिक जागरण आईनेक्स्ट को बताया कि यह कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस का 13वां सीजन था. जो शुक्रवार को मुंबई स्थित ताज सांताक्रूज में आयोजित एक समारोह के दौरान कैफेम्यूचुअल के संस्थापक व सीईओ प्रेम खत्री द्वारा दिया गया, सीईओ ने नार्दन इंडिया में इनवेस्टमेंट के क्षेत्र में शलभ गुप्ता विभव के प्रयासों की प्रशंसा की. शलभ गुप्ता ने बताया कि कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस, म्यूचुअल फंड व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए एक विचार मंच है. हर साल आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर से 450 से अधिक लोग भाग लेते हैं. इस बार के एडीशन की थीम 'कल की सफलता के लिए स्मार्ट कदम' थी. इस अवसर पर शलभ गुप्ता की ईशा गुप्ता भी साथ मौजूद थीं.

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT




अवॉर्ड प्राप्त करते शलभ गुप्ता एवं पत्नी ईशा गुप्ता.

### विभव कैपिटल की बड़ी उपलब्धि

शलभ गुप्ता ने बताया कि विभव कैपिटल ने इंडीविजुअल कैटेगरी मे देश मे दूसरा स्थान हासिल किया है. वही, नार्दन इंडिया मे कंपनी पहले स्थान पर है. इस अवसर पर उपस्थित आईपीएफ की अध्यक्ष और प्रसिद्ध लेखिका मोनिका हालन ने विभव कैपिटल की इस उपलबधि पर शलब गुप्ता विभव को यह पुरस्कार प्रदान करते हुए बधाई दी. एवं कंपनी द्वारा इंडियन इनवेस्टमेंट मे किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की.

### इनवेस्टमेंट पर हुई चर्चा

अवार्ड सेरेमनी के दौरान वैल्यू रिसर्च के सीईओ धीरेंद्र कुमार ने 'रेगुरेटरी सेनेरियो, मुद्रास्फीति और इनवेस्टमेंट की दिशा' विषय पर अपना वक्तव्य दिया. इस एचीवमेंट पर शलब गुप्ता विभव ने कैफेम्यूचुअल का आभार जताते हुए कहा कि वे इसी प्रकार निरंतर अपने इनवेस्टर्स को मनी मैनेजमेंट की राह दिखाते हुए इंडियन इकोनॉमी को मजबूत बनाने के लिए प्रयास करते रहेंगे. उपलब्धि पर विभव परिवार और विभव कैपिटल के इनवेस्टर्स ने बधाई दी. कार्यक्रम मे प्रशांत देसाई, वेंकट एन चलसानी, डीपी सिंह, शिरीष पटेल, रवि किरण, शैलेश राजभान, गौरव कोचर, सिद्धांत छाबड़िया आदि के अलावा म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के सीईओ/सीआईओ, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बैंकर और नेशनल डिस्ट्रीब्यूटर शामिल थे.




For more news log on to www.inextlive.com/agra


Bibhab Capital
Equity Champion – North
CERTIFICATE
Bibhab Capital

# शलब गुप्ता विभव को मिला कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवार्ड

## मुंबई में आयोजित कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस के 13वें संस्करण में मिला सम्मान

संवाद न्यूज एजेंसी

**आगरा।** प्रदेश के सबसे बड़े और देश के दूसरे बड़े वित्तीय सलाहकार के रूप में पहचान बना चुके विभव कैपिटल के प्रोपराइटर शलब गुप्ता विभव ने एक बार फिर आगरा की शान बढ़ाई है। उन्हें कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवार्ड से सम्मानित किया गया है। देशभर से 450 से अधिक लोगों ने इसमें प्रतिभाग किया था।

मुंबई के ताज सांताक्रूज होटल में शलब गुप्ता विभव ने यह अवार्ड अपनी पत्नी ईशा गुप्ता के साथ कैफेम्यूचुअल के संस्थापक व सीईओ प्रेम खत्री के हाथों शुक्रवार को प्राप्त किया। शलब ने बताया कि विभव कैपिटल ने व्यक्तिगत श्रेणी में भारत में आर्थिक वर्ष 2025 में द्वितीय स्थान और उत्तर भारत में आर्थिक वर्ष 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी कंपनी ने उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों से म्यूचुअल फंड उद्योग में देश में अलग पहचान बनाई है।

कैफेम्यूचुअल के संस्थापक व सीईओ प्रेम खत्री ने भी शलब गुप्ता के प्रयासों को सराहा। आईपीएफ की अध्यक्ष मोनिका हालन ने गुप्ता से निवेश संबंधी विषयों पर चर्चा की। वहीं, वैल्यू रिसर्च के सीईओ धीरेंद्र कुमार से उनकी विनियामक परिदृश्य व मुद्रास्फीति व निवेश के पहलुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रशांत देसाई, वेंकट एन चलसानी, डीपी सिंह, शिरीष पटेल, रवि किरण, शैलेश राजभान, गौरव कोचर, सिद्धांत छाबड़िया, म्यूचुअल फंड उद्योग के सीईओ/सीआईओ व देशभर के म्यूचुअल फंड वितरक, बैंकर और राष्ट्रीय वितरक शामिल हुए।




मुंबई के ताज सांताक्रूज होटल में शलब गुप्ता विभव अपनी पत्नी ईशा गुप्ता के साथ कैफेम्यूचुअल के संस्थापक व सीईओ प्रेम खत्री से अवार्ड प्राप्त करते हुए। स्रोत स्वयं


Bibhab Capital
Champion of the Year - Individual
Runner-up
CERTIFICATE
Bibhab Capital



अवार्ड लेते विभव कैपिटल के स्वामी।

# विभव कैपिटल को मुंबई में मिला अवार्ड

आगरा। उत्तर प्रदेश के वित्तीय सलाहकार विभव कैपिटल को शुक्रवार को ताज सांताक्रूज, मुंबई में आयोजित कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस में प्रतिष्ठित कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवार्ड से सम्मानित किया गया। कंपनी के स्वामी शलब गुप्ता विभव और उनकी पत्नी ईशा गुप्ता ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

विभव कैपिटल ने व्यक्तिगत श्रेणी में पूरे भारत में दूसरा और उत्तरी भारत में पहला स्थान हासिल किया है, जो म्यूचुअल फंड उद्योग में उनकी उत्कृष्टता को दर्शाता है। कैफेम्यूचुअल के संस्थापक प्रेम खत्री ने शलब गुप्ता के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित प्रसिद्ध लेखिका मोनिका हालन ने भी विभव कैपिटल की इस उपलब्धि पर बधाई दी। कार्यक्रम में प्रशांत देसाई, वेंकट एन चलसानी, डी.पी. सिंह, शिरीष पटेल, रवि किरण, शैलेश राजभान, गौरव कोचर, सिद्धांत छाबड़िया जैसी जानी-मानी हस्तियों के साथ-साथ म्यूचुअल फंड उद्योग के सीईओ/सीआईओ व देशभर के म्यूचुअल फंड वितरक आदि रहे।